# 26 मिनट में भाजपा-कांग्रेस-सपा पर खूब बरसीं मायावती

## कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, बसपा अध्यक्ष को जोर वोटों का बंटवारा रोकने पर रहा, राशन व आरक्षण का मुद्दा उठाकर दलितों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती। साथ में हैं खीरी लोकसभा प्रत्याशी अंशय कालरा और धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी।



जनसभा में मौजूद भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** चुनावी सभा में आईं बसपा अध्यक्ष मायावती ने 26 मिनट के अपने संबोधन में हर वर्ग को साधने की कोशिश की। जनसभा स्थल पर नीला सैलाब देखकर मायावती भाजपा, कांग्रेस और सपा पर जमकर बरसीं। राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर भीड़ और समर्थकों का जोश देखकर मायावती ने अपने कोर वोट बैंक को साधे रखने और मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने पर भी जोर दिया। उन्होंने राशन और आरक्षण का मुद्दा उठाकर दलितों को चेताया तो भाजपा, आरएसएस पर हमले कर मुस्लिमों को रिझाया। सभा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया।

बसपा सुप्रीमो मायावती हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइंस मैदान पर दोपहर 01.22 पर पहुंचीं। पश्चात उनका काफिला राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान स्थित जनसभा स्थल पर 01.28 बजे पहुंचा। यहां से वह सीधे मंच पर पहुंचीं। बिना किसी औपचारिकता के उन्होंने अपने संबोधन में अपने वोटरों और समर्थकों के समक्ष अपनी बात रखी। दर्शक दीर्घा में मौजूद युवाओं और महिलाओं की भीड़ के उत्साह को देखते हुए उन्होंने सपा से ज्यादा भाजपा पर हमले किए तो कांग्रेस पर भी जमकर बरसीं। सबसे पहले उन्होंने कांग्रेस और भाजपा के घोषणा पत्र को ही हवाहवाई बताया। साथ ही कहा कि भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र में प्रलोभन भरे वायदे होते हैं, जो चुनाव बाद पूरे नहीं किए जाते। कहा कि हमने कोई घोषणा पत्र जारी नहीं किया। क्योंकि हम कहने में नहीं करने में यकीन रखते हैं। उन्होंने मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार का भी जिक्र किया। कहा कि धर्म की आड़ में मुस्लिम समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसे रोका जाएगा। उन्होंने भाजपा के साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा।



जनसभा में जाती महिलाओं की जांच पड़ताल करतीं महिला पुलिस कर्मी।

### वोटों का बंटवारा न हो, मुस्लिम चेहरे लगाए

खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर बसपा दूसरे नंबर पर रही। बसपा प्रमुख मायावती ने इस बार पार्टी के मुस्लिम चेहरों को खीरी और धौरहरा सीट पर लगा दिया है। उन्होंने मंडल प्रभारी जफर मलिक, नौशाद अली, पलिया से विधानसभा प्रत्याशी रहे जाकिर हुसैन, जुनेद अंसारी आदि को लगाया है। यह लोग छोटी बैठकों और मजलिसों के जरिए मुस्लिमों से संपर्क बढ़ाए हैं। जनसभा स्थल पर भी इन लोगों को जगह दी गई।

### धौरहरा से मायावती के विचारों को सुनने पहुंचा दिव्यांग

करबा धौरहरा का दिव्यांग इम्तियाज खां अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाता है, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती को अपना आदर्श मानता है। वह कहता है कि उसे इस दिन का इंतजार था। जैसे ही पता लगा कि सात को बहनजी आएंगी तो वह जनसभा में आने के लिए उत्सुक हो उठा। मंगलवार को दिन आया तो सुबह से ही वह यहां आने के लिए तैयार हो गया। गांव के वाहन से लखीमपुर आया और सड़क पर घिसटकर जनसभा स्थल तक पहुंच गया। जनसभा के बाद धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी ने भी उसका उत्साहवर्धन किया।



### दर्शक दीर्घा की ओर पहुंचे अंशय तो युवाओं में लगी सेल्फी लेने की होड़



जनसभा के बाद बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा के साथ सेल्फी लेते युवा।

जनसभा के बाद जब बसपा सुप्रीमो हेलीपैड की ओर रवाना हो गईं तो खीरी लोकसभा से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा दर्शक दीर्घा की ओर समर्थकों व कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते पहुंच गए। इस पर उत्साहित युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ लग गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया और बसपा जिंदाबाद, मायावती जिंदाबाद सहित जीत के नारे लगाए।

### मंच पर यह रहे मौजूद

बसपा सुप्रीमो के साथ खीरी प्रत्याशी अंशय कालरा, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, को-आर्डिनेटर जयवीर गौतम, लखनऊ मंडल प्रभारी उमाशंकर गौतम, खीरी जिलाध्यक्ष हेमराज वर्मा, सीतापुर जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, मनमोहन मौर्या, जुनेद अंसारी, पूर्व मंत्री माया प्रसाद, जाकिर हुसैन, हेमवती राज, जफर मलिक, नौशाद अली, तनवीर हजारी आदि।

# एआरएम के प्रबंधन से नाराज दिखे आरएम

- चालक परिचालकों की हाजिरी कम मिलने पर भड़के क्षेत्रीय प्रबंधक
- एसएम ने वॉटर कूलर का पानी पीकर परखी गुणवत्ता व शीतलता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



वॉटर कूलर का पानी पीकर देखते एसएम रमेश कुमार।



चालक परिचालकों की हाजिरी कम मिलने पर एआरएम से सवाल जवाब करते आरएम।

**अमृत विचारः** परिवहन निगम की प्रभारी प्रधान प्रबंधक आमरीन अख्तर लखीमपुर डिपो का निरीक्षण करने के बाद जहां लखनऊ लौट गई तो वहीं आरएम और एसएम ने गोला पहुंचकर बस अड्डे का निरीक्षण कर यात्री सुविधाएं परखी। पेयजल की गुणवत्ता व शीतलता परखने के लिए एसएस ने स्वयं पानी पीकर देखा। चालक परिचालक की उपस्थिति कम देखकर आरएम ने एआरएम को फटकार लगाकर कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

हरदोई क्षेत्र के आरएम एमएल केशरवाही सेवा प्रबंधक रमेश कुमार के साथ बस अड्डा परिसर देखा। साफ सफाई बेहतर न मिलने पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों से पेयजल आदि के बाबत जानकारी ली।

इस दौरान हाजिरी रजिस्टर पर चालक परिचालक की उपस्थिति कम देखकर, वर्कशाप में तीन बसें, जिसमें बंडा बरेली रूट की यूपी 30 एटी 2599, गोला लखनऊ रूट की यूपी 31 एटी 2558 एवं पीलीभीत लखीमपुर रूट की यूपी 30 एटी 7052 को खड़ा देखकर नाराज हुए आरएम ने एआरएम महेश चंद्र कमल की क्लास लगाकर चालक परिचालक को बुलाकर इनका संचालन कराने के निर्देश दिए। आरएम ने निरीक्षण में मिली खामियों को तुरंत ठीक कराकर यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा न होने देने के लिए एआरएम महेशचंद्र कमल को निर्देशित किया।

### जर्जन भवन का उपयोग न करने की दी नसीहत, हटवाया बैनर

आरएम वर्षों पुराने जर्जर भवन और उस पर लगा बैनर देखकर कहा कि भवन बेहद जर्जर है। इसका न तो उपयोग किया जाए और न ही इस पर कोई बैनर, पोस्टर लगाए जाएं। आरएम के निर्देश पर एआरएम ने भवन पर लगे बैनर को तत्काल हटवा दिया।




आरएम के निर्देश पर जर्जर भवन से बैनर हटाता कर्मचारी।

# संदिग्ध हालत में लटका मिला ग्रामीण का शव

- मृतक के पुत्र ने चार लोगों पर हत्या करने का लगाया आरोप

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना फरधान क्षेत्र के गांव खुटखेरवा निवासी एक ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव घर के पीछे कुछ दूरी पर पेड़ से सोमवार की देर शाम लटका मिला। मृतक के पुत्र ने जमीन विवाद में चार लोगों पर पिता को घर से जबरन ले जाने और हत्या कर शव से लटकाने का आरोप लगाया है।

गांव खुटखेरवा निवासी दीपक कुमार दीक्षित ने बताया की उसके पिता राकेश कुमार दीक्षित (48) रविवार की शाम करीब सात बजे घर पर बैठे थे। तभी चार लोग आए। उसके पिता को जबरन घर से खींचते हुए ले गए और हत्या कर घर से पीछे कुछ दूरी पर शव पेड़ से लटका कर भाग गए। जब वह लोग पिता को खोजते मौके पर पहुंचे तो देखा पिता का शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हत्या की तहरीर लेने से पुलिस ने किया इंकार

**लखीमपुर खीरी।** गांव खुटखेरवा निवासी राकेश कुमार दीक्षित की मौत से उसके परिवार वालों का रो रोकर हाल बेहाल है। उसके बेटे दीपक ने बताया कि वह जब पिता को घर से जबरन खींचकर ले जाने और हत्या कर शव लटकाने की तहरीर आरोपियों को नामजद कर पुलिस को देने गया तो पुलिस ने तहरीर लेने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही तहरीर बदलवाने का दबाव बनाने लगी, लेकिन परिवार तहरीर बदलने को राजी नहीं है।

# मतदाताओं को किया गया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ




बैनर लेकर मतदाताओं को जागरूक करते दल के पदाधिकारी।

- युवक मंगल दल ने स्वीप कार्यक्रम के जरिए कराई वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर युवक मंगल दल के सदस्यों द्वारा वॉलीबॉल खेलकर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जन सामान्य को आगामी 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ब्लाक कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत बेलवा में युवक मंगल दल के सदस्यों द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया।

मंगल दल अध्यक्ष संदीप वर्मा द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई। उन्होंने मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। कहा कि बिना किसी प्रलोभन में आये और बिना किसी के डर के इस बार के लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर रिकार्ड मतदान से अपने जिले का मान बढ़ाना है। युवक मंगल दल के सदस्य अखिलेश वर्मा, पुष्कर कुमार, रिजवान, आशीष आदि मौजूद रहे।

# आठ घंटे सड़क किनारे पड़ा रहा युवक का शव, पुलिस बेखबर

- टेडुई मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर से घर वापस जा रहे एक युवक की सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। उसका शव करीब आठ घंटे से अधिक समय तक रोड के किनारे औंधे मुंह पड़ा रहा, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। तलाश करते परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना शारदा नगर के गांव पतरासी निवासी रिषीकांत ने बताया कि उनका पुत्र रामू तिवारी (48) मेडिकल का काम करता था। सोमवार को वह लखीमपुर शहर गया था। काम निपटा कर देर शाम घर वापस आ रहा था। टेडुई मोड़ के आगे इंदिरा मनोरंजन वन के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। देर रात तक रामू तिवारी घर वापस नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की। मृतक के पिता ने बताया कि वह रात में बेटे को खोजते हुए लखीमपुर की तरफ आ रहे थे। सुबह करीब तीन बजे जब वह सदर कोतवाली क्षेत्र में इंदिरा मनोरंजन पार्क के निकट पहुंचे तो उनकी नजर सड़क किनारे औंधे मुंह पड़े एक युवक पर पड़ी। नजदीक पहुंचे तो देखा शव उनके बेटे का था। शव मिलने की जानकारी परिजनों को दी। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आशंका जताई जा रही है कि हादसा देर शाम करीब नौ बजे के आसपास हुआ है। खास बात यह है कि करीब आठ घंटे शव पड़ा रहा, लेकिन इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी, जबकि फूलबेहड़ और शारदा नगर मार्ग पर यूपी 112 पुलिस के साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ियां चलती हैं।

# वाईडी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

- प्रवेश के लिए कॉलेज वेबसाइट पर ऑनलाइन करना होगा आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



युवराज दत्त महाविद्यालय।

**अमृत विचारः** युवराज दत्त महाविद्यालय में स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए मंगलवार से कॉलेज विवरणिका का वितरण प्रारंभ हो गया। इसे लेने के बाद छात्र छात्राओं को कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

यूपी बोर्ड से लेकर सीआईएससीई बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है। हालांकि अभी सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आना बाकी है। लखनऊ विश्वविद्यालय से जारी आदेश के बाद युवराज दत्त महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए विवरणिका का वितरण मंगलवार से शुरू हो गया। छात्र छात्राओं को प्रवेश विवरणिका कॉलेज से खरीदकर वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

> स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज में विवरणिका का वितरण हो रहा है। प्रवेश के लिए छात्रों को महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
> –डॉ. हेमंत पाल, प्राचार्य युवराज दत्त महाविद्यालय

### संकायवार सीटें

| संकाय | सीट |
|---|---|
| बीए | 1320 |
| बीकॉम | 360 |
| बीएससी (गणित) | 300 |
| बीएससी (बॉयो.) | 300 |
| परास्नातक | |
| एमए (हिंदी) | 60 |
| एमए( अंग्रेजी) | 60 |
| एमए (अर्थशास्त्र) | 60 |
| एमए (इतिहास) | 60 |
| एमए (दर्शनशास्त्र) | 60 |
| एमए (राजनीत शास्त्र) | 120 |
| एमकॉम | 60 |
| एमएससी (बॉटनी) | 20 |

### इन बातों का रखें ध्यान

1. छात्र छात्राएं विवरणिका में अंकित निर्देशों को भली भांति पढ़कर ही आवेदन करें।
2. ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद उसका प्रिंट अपने पास अवश्य रखें।
3. पंजीकरण में सक्रिय मोबाइल नंबर के साथ ई मेल आईडी भी अंकित करें।
4. प्रवेश संबंधी सूचनाएं पंजीकृत ई मेल एवं मोबाइल नंबर ही भेजी जाएंगी।
5. फोटो, हस्ताक्षर जेपीजी एवं जेपीईजी प्रारूप में होनी चाहिए (फाइल साइज 100 केबी तक)।
6. स्कैन किए गए मार्कशीट वेटेज प्रारूप में होनी चाहिए (फाइल साइज 120 केबी तक)।
7. जेपीजी व जेपीईजी प्रारूप में स्कैन किए गए वेटेज प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) (फाइल साइज 120 केबी तक)।



चिल्ड्रेंस एकेडमी में अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करते प्रधानाचार्य।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभिभावकों को किया प्रेरित

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर चिल्ड्रेंस एकेडमी में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें शत प्रतिशत मतदान के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। गोष्ठी में प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनंद ने अभिभावकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने व अपने आस पड़ोस में भी सभी मतदाताओं को सब कार्य छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का आग्रह किया। कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। गोष्ठी में अभिभावक संदीप गुप्ता, माही गुप्ता, आस्था गुप्ता, पंकज कश्यप सौभाग्य कश्यप, प्यारेलाल, नव्या, उमेश वर्मा, अनुष्का वर्मा, सर्वजीत सिंह, हर सिमरन कौर, मोहम्मद वकीम, मोहम्मद कैफ, वीरेंद्र सिंह, अनूप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### झाड़ियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। घोसियाना गांव के निकट झाड़ियों में युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उसके नाक से खून बह रहा था। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या की गई है। गांव घोसियाना के निकट कुछ लोगों ने ओयल- बेहजम मार्ग के किनारे झाड़ियों के नीचे पड़े शव को देखा। शव पड़े होने की खबर समूचे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाला और उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि शव की उम्र करीब 30 वर्ष है। शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### गोवंशीय पशु वध मामले में दो गिरफ्तार

**पसगवां, अमृत विचार :** गोवंशीय पशु वध मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पशु काटने के औजार और एक तमंचा भी बरामद होने का दावा किया है। चौकी प्रभारी राहुल सिंघल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे के किनारे उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी इब्राहिमपुर निवासी वसीम और गांव किरियारी निवासी कदीर उर्फ कबीर को गिरफ्तार किया गया है। वसीम के कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा व कारतूस और कबीर के पास से दो छुरी, एक कुल्हाड़ी, रस्सी आदि औजार बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे गोवंशीय पशुओं को सड़क से ग्राम में ले जाकर मांस के लिए वध करते हैं। इन्होंने अपने तीन साथियों के नाम भी बताए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। 27 अप्रैल की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि जेबी गंज से सटे ग्राम बरखेरियाजाट में राकेश के बाग में गोवंशीय पशुओं के मांस, हड्डियां, खुर आदि पड़े हैं। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर अवशेषों के सैम्पल लिए थे। जेबी गंज चौकी प्रभारी राहुल सिंघल की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद से ही पुलिस गोवंशीय पशु वध अपराधियों की तलाश में थी। पुलिस ने आरोपियों को गोवध अधिनियम में जेल भेजा है।

### नन्हे- मुन्ने बच्चों की हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



फैंसी ड्रेस में सजे नन्हे-मुन्ने स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के गोल्डन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं की फैंसी ड्रेस समेत कई अन्य प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तहत कक्षा दो ब की छात्रा तन्वी अग्रवाल ने फास्ट फूड, वीर प्रताप सिंह ने मैगी,तनिशा साहनी कक्षा पांच ब ने मास्टर चीफ, आरूष गंगवार कक्षा चार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू, माही सिंह कक्षा पांच ने नर्स, हरकीरत सिंह कक्षा तीन ब भगत सिंह, आरव शर्मा कक्षा एक ने पतलू, आरव यदुवंशी ने मोटू का किरदार अदा किया। अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में सहभाग किया। विद्यालय चेयरमैन जसमेल सिंह मांगट, प्रबंधक हरदीप कौर,उपप्रबंधक संचालक अमन प्रीत, रमन जीत कौर, विद्यालय प्रधानाचार्य श्याम महेंद्र ने उत्तम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बेलवा गांव में लगी आग से दो घर जलकर खाक

**संवाददाता, भानपुर, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव बेलवा में मंगलवार की दोपहर आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में घरों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की वजह बिजली तारों में हुई स्पार्किंग बताई जा रही है। हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ। गांव बेलवा निवासी मनोज के घर आग लग गई, जिससे उनका छप्पर धू-धू कर जल उठा। शोर शराबा होने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच आग की लपटों ने पड़ोसी डोरे लाल का घर भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दोनों घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, बिस्तर सब कुछ जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान विनीत कुमार ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में सहयोग किया। लेखपाल को सूचना दी।

### भाजपा नेता के निधन पर शोक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जिला के वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा नेता डॉ. सतीश कौशल वाजपेई के असामायिक निधन पर भाजपा नमो नमो मोर्चा के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया हैं। मोर्चा के अध्यक्ष शिवम कश्यप की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में भाजपा नेता के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में रोशन श्रीवास्तव, शिवम् गुप्ता, धीरज बाजपेई, गोविन्द कुमार, नवनीत वर्मा, राहुल कश्यप, रवि कटियार, अभिषेक शर्मा, शिवम त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### कंजा हनुमान मंदिर पर हुआ भंडारा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश कनौजिया ने कंजा देवस्थान पर भंडारा कराकर लोगों को प्रसाद खिलाया। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, ब्रज स्वरूप कनौजिया उर्फ बीटू पटेल, शत्रोहनलाल मिश्रा, डॉ सौरभ दीक्षित, आदेश वर्मा, आनन्द प्रताप सिंह, डॉ देवराज वर्मा, सर्वेश वर्मा, संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पति की प्रताड़ना से परेशान कोतवाली पहुंची महिला

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अपने पति के उत्पीड़न और पिटाई से परेशान एक विवाहिता दुधमुहें बच्चे को लेकर कोतवाली पहुंची, जिसने पुलिस को तहरीर देकर पति के अत्याचारों से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला हफीजपुर निवासी विकास शर्मा की पत्नी विनीता विश्वकर्मा मंगलवार को दोपहर बाद अपने दुधमुहें बच्चे को लेकर कोतवाली पहुंची, पुलिस को आपबीती बताई। कहा कि उसका पति विकास उससे मारता पीटता है। जिसमें उसका साथ ससुर बृजनाथ शर्मा, सास धनावटी, देवर आकाश और आदित्य देते हैं। जिससे वह अजिज आ चुकी है। महिला बेहद परेशान हैं। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति के अत्याचारों से बचाने के लिए कार्रवाई की मांग की है।

### पिता की मौत के बाद नौकरी पाने को 4 साल से भटक रही बेटी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अपने पिता की मौत के बाद एक मात्र वारिस उनकी बेटी नौकरी पाने के लिए उत्तराधिकार प्रमाणपत्र लेकर दर-दर भटक रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर के मोहल्ला तीर्थ गोकर्ण वार्ड निवासी कन्हैयालाल वर्मा होमगार्ड विभाग में रनर के पद पर कार्यरत थे। उनका ऑन ड्यूटी 17 नवंबर 2020 को निधन हो गया था। कन्हैयालाल वर्मा की एकमात्र बारिश उनकी बेटी सुमनलता के पास अपने वारिश होने के सबूत हैं। एसडीएम से लगाकर अपर जिलाधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी है। उसके बाद भी सुमन पिछले चार सालों से होमगार्ड विभाग के चक्कर लगा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने डीएम से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाई फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि वर्ष 2020 में ही देश की सुप्रीम अदालत ने आदेश दिया था कि अनुकंपा नौकरी के लिए विवाहित बेटी भी हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी इस विभाग पर कोई असर नहीं है और कन्हैयालाल वर्मा की एकमात्र बारिश विवाहित बेटी सुमन लता अपने पिता की जगह पर नौकरी पाने के लिए दर-दर भटक रही है।

### मतदाताओं को जागरूक करेंगे लविवि के कुलपति

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इस क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय 10 मई को जिले में आकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर वोटरों को शत प्रतिशत मतदान कर जिले का नाम रोशन करने की अपील करेंगे। युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने बताया कि दस मई को कॉलेज परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कुलपति के निर्देश पर कॉलेज के छात्र छात्राएं और स्टाफ निरंतर वोटरों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा राजगढ़ वार्ड को गोद लेकर घर घर जाकर लोगों से 13 मई को पहले मतदान और फिर जलपान करने की अपील कर रहे हैं।



प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति।

# महिला व बच्ची की हत्या कर शव सर्विस लेन पर फेंके

## कहीं और हत्या कर शव यहां फेंके जाने की रही चर्चा, फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच की जांच-पड़ताल

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


घटनास्थल की जांच करते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार


मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन के पास झाड़ियों में 25 वर्षीय महिला व उसके बगल में एक पांच वर्षीय बच्ची का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। यह खबर आग की तरह जिले भर में फैल गई। कुछ ही देर में सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ ने जांच की। क्षेत्रीय लोग शवों को पहचान नहीं सके। जांच करने पर पता चला कि महिला के गले में दुपट्टे का फंदा कसा था। वहीं बच्ची के गले में भी निशान मिले हैं। इससे दोनों की हत्या कर शव कहीं से लाकर यहां फेंके जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। घटना की जांच फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने की। एसपी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासे के लिए एसओजी को लगाया है।

मंगलवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ताला सरांय गांव के पास एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर एक महिला व बच्ची के शव पड़े देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ संतोष सिंह व एसएचओ चंद्रकांत मिश्र फोर्स के साथ पहुंचे। जांच में महिला के गले में दुपट्टे का फंदा कसा था और बच्ची के गले में भी निशान थे। गले के निशान देख उसकी गला घोंटकर हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है। महिला ने पीले रंग का सलवार सूट, पैरों में पायल व बिछिया पहनी हुई हैं। उसके दाहिने हाथ में अंग्रेजी में मोनू नाम गुदा है। वहीं, बच्ची हॉफ टीशर्ट व पैंट पहने है। ग्रामीण उनके मां-बेटी होने के कयास लगाते रहे। चर्चा यह भी रही कि घटना को कहीं और अंजाम देने के बाद शव यहां लाकर ठिकाने लगाये गये हैं। दोनों शव सर्विस लेन से सात-आठ मीटर दूर पड़े थे। सीओ ने बताया कि जांच के बाद शवों को मोर्चरी भेजा गया है। उनकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की टीम ने एक्सप्रेस-वे के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं।

शव मिलने की सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना भी दोपहर बाद एसओजी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जल्द ही घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए।


साक्ष्य संकलित करती फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम।

### फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

- दो शवों के मिलने व उनकी हत्या किए जाने के साक्ष्य मिलने के बाद फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम बुलाई गई। टीम ने घटनास्थल पर गहनता से पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए। सूत्र बताते हैं कि फिलहाल उनके हाथ कुछ खास नहीं लगा है।

### शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा

- पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया है। मृतकों की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फोटो अपलोड की गईं। इसके साथ ही पुलिस ने शिनाख्त के लिये पड़ोसी जिलों के सीमावर्ती थानों में भी मृतकों की फोटो भेजी हैं।

### महिला के जेवरात में लगी मुहर से हत्यारों तक पहुंचेगी पुलिस

- पुलिस टीमें हत्यारों तक पहुंचे इससे पहले उनके सामने बड़ी चुनौती दोनों शवों की पहचान करना है। इसके लिए एसओजी भी लगी है। सूत्र बताते हैं कि महिला के जेवरात में लगी मुहर से सर्राफ का पता लगा उसकी शिनाख्त कराने का भी प्रयास चल रहे हैं।

● शिनाख्त न होने से पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजे

# उड़नदस्ता टीम ने प्रमुख मार्गों पर की वाहनों की चेकिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार को उड़नदस्ता टीम और स्टेटिक टीम ने नगर के प्रमुख स्थानों और मार्गों पर चेकिंग की। इस दौरान टीम ने कानपुर और उन्नाव की सीमा से आने वाले वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम को किसी भी वाहन में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

मंगलवार दोपहर के समय तेज धूप और लू चलने के बावजूद उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ मरहला चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान फोरलेन, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग से आने जाने वाले वाहनों को रोका। जहां गाड़ियों की डिग्गी खुलवाकर सघन चेकिंग की। इसके साथ ही टीम ने वाहन चालकों के मोबाइल नंबर, नाम और कार का नंबर अंकित किया। इसके अलावा बालूघाट मोड़ और बैराज मार्ग पर भी वाहनों की चेकिंग हुई। मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुछ वाहनों से राजनैतिक स्टीकर और झंडा उतारवाया गया है। चेकिंग के दौरान किसी भी वाहन में पचास हजार से अधिक रुपया और न ही शराब बरामद की गई है।


मरहला चौराहे पर चेकिंग करता उड़नदस्ता। अमृत विचार

# जंगली जानवर ने बच्चे को मार डाला

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


बिलखते परिजन। अमृत विचार


रिषभ

अमृत विचार। शौच के लिये गये बच्चे पर एक हिंसक जानवर ने हमला कर दिया। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव लेकर चले गये।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरुसहाय खेड़ा मजरा सेरसा निवासी हेमराज का सात वर्षीय बेटा रिषभ उर्फ गोलू मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटा था। इसके बाद वह घर से कुछ दूर खेत में शौच के लिये गया था। बताते हैं कि इस दौरान किसी जंगली जानवर ने हमला कर उसे लहूलुहान दिया। काफी देर बाद भी वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोज शुरू की तो गोलू लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। आनन-फानन परिजन उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी मां केशकली व बहनें रागिनी, निहारिका समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजन किसी भी कार्रवाई से इनकार कर शव लेकर चले गये। पिता हेमराज ने बताया कि गांव में एक कुत्ता खूंखार हो गया है। जो इससे पहले कई जानवरों को घायल कर चुका है। शायद खेत में उसी ने गोलू पर भी हमला किया होगा। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि किसी जानवर के हमले में घायल बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और परिजनों को काफी समझाया लेकिन, उन्होंने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया और शव लेकर चले गये। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग को इसकी सूचना दी गई थी। लेकिन, वन विभाग का कोई कर्मी न गांव पहुंचा और ना ही परिजनों से संपर्क ही किया।

● अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरुसहाय खेड़ा के मजरा सेरसा का मामला

# जगह-जगह फाल्ट होने से घंटों गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार को नगर में हुये फाल्टों के कारण घंटों कई मोहल्ले की बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया।

राजधानी मार्ग स्थित पीएचसी के बाहर रखे 100 केवीए के ट्रांसफार्मर का फ्यूज मंगलवार सुबह 11 बजे उड़ गया। इससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत की। जिसके बाद एक आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह बिंदा नगर में रखे 630 केवीए के ट्रांसफार्मर से दिन करीब दो बजे धुआं निकलने लगा। जिस पर क्षेत्र की आपूर्ति बंद करा दी गई। साढ़े चार बजे छह सौ से अधिक घरों की बिजली चालू हो सकी। इसी तरह ब्रह्मनगर साई मंदिर के पास भी ट्रांसफार्मर से तेल बहने के कारण बिजली सप्लाई दो घंटे तक बंद रही।

# डीएम ने पोलिंग पार्टियों का रवानगी स्थल देखा


मतदान कार्मिकों के रवानगी स्थल का जायजा लेते डीईओ गौरांग राठी।।


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपंन कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने दोस्तीनगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए पोलिंग पार्टियों की सकुशल रवानगी कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने ईवीएम की कमीशनिंग, मतदान केंद्रों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की पैकेजिंग, रिजर्व पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, बेरीकेटिंग, टेंट व्यवस्था, रवानगी स्थल पर पानी व पर्याप्त शेड की व्यवस्था, मैटिंग व टायलेट व्यवस्था, मतदान कार्मिकों की जानकारी के लिए संकेतक आदि की जानकारी ली। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित किया कि पोलिंग पार्टियों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सामग्री को पहले से व्यवस्थित तैयारी कर ली जाए। साथ ही रवानगी स्थल आवश्यकता की अन्य वस्तुएं व सुविधाएं जुटाने पर भी जोर दिया। कहा पोलिंग पार्टियों में शामिल कार्मिकों को रवानगी के समय किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। गर्मी को देखते हुए शेड व पेयजल की व्यवस्था करने को कहा। कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, आईएएस हिमांशु गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज के अलावा विभिन्न विधानसभाओं के एआरओ भी आदि मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने परखी स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं

प्रेक्षक बाबू ए ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह सहित अधिकारियों की मौजूदगी में दोस्तीनगर के अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम व पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को स्ट्रांग रूम के आसपा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न करने देने की हिदायद दी। साथ ही कहा कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रवेश पास चेक करने के बाद ही स्ट्रांग रूम के पास जाने दिया जाए। इसके अलावा पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।


रोहित को प्रमाणपत्र देते चेयरमैन व ईओ। अमृत विचार

### रोहित बने नगर पंचायत के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

नवाबगंज उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत ने कस्बा निवासी एक समाजसेवी को स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने चयनित ब्रांड एंबेसडर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत कस्बे के वार्ड-9 के निवासी समाजसेवी रोहित गुप्ता को नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया गया है। नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन दिलीप लश्करी व ईओ अनिल कुमार ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत कर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर का प्रमाणपत्र दिया। चेयरमैन ने कहा कि रोहित युवा हैं और वह नगर की हर समस्या से वाकिफ रहते हैं। स्वच्छता के प्रति उनकी रुचि भी है तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करते हैं। इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि नगर को साफ सुथरा रखने में उनका नगर पंचायत प्रशासन को कुशल निर्देशन भी मिलेगा। बल्लू गुप्ता, अनुज सिंह, पवन शर्मा, सभासद आशु मिश्रा, मनोज वर्मा, विनीत सिंह, तुफैल अहमद, संजय खान, शिवा दीक्षित, बाबू प्रसाद रहे।

# वैशाख अमावस्या का स्नान आज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


घाट की सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। वैशाख माह की अमावस्या पर दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिये शुक्लागंज के घाटों पर आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने घाटों की एक दिन पहले ही साफ सफाई करवाकर चाक चौबंद किया है। वहीं सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। क्योंकि मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर लखनऊ, कानपुर, जैतीपुर, हरौनी, नबावगंज, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई, उन्नाव के आस पास क्षेत्रों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। पालिका की ओर से महिलाओं के कपड़े बदलने के स्थान के साथ ही मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही गहरे पानी में कोई न जाये, इसके लिये नावें और गोताखोर को भी तैनात किया गया। इस बावत ईओ ने बताया कि अमावस्या को देखते हुये घाटों की साफ सफाई कराई गई है।

# डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर रेल पटरी की हुई वेल्डिंग

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये मंगलवार को रेल कर्मियों ने डाउन लाइन स्थित छमकनाली पुलिया के पास डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर पटरी वेल्डिंग का कार्य किया। इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

मंगलवार को कानपुर-लखनऊ रेलरूट के डाउन लाइन स्थित छमकनाली 108 पुलिया के पास पटरी वेल्डिंग का कार्य होना था। जिसके बाद कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर 3:20 बजे से 4:50 बजे के बीच डेढ़ घंटे का ब्लॉक मिला। इस दौरान रेल कर्मियों ने पटरी बैल्डिंग का कार्य किया।

## सार-संक्षेप



पूल पार्टी का आनंद उठाते डीएसएम के बच्चे। अमृत विचार

### डीएसएम स्कूल में बच्चों ने पूल पार्टी का उठाया लुत्फ

शुक्लागंज उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को फ्रूटी व पूल पार्टी का आयोजन हुआ। जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने पार्टी में खूब धमाल मचाया। जहां बच्चों को तैराकी के टिप्स भी दिये गये। गर्मी को देखते हुये मंगलवार को डीएसएम पब्लिक स्कूल में फ्रूटी व पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने खूब धमाल मचाया। स्कूल कैंपस को समुद्री तट जैसा नजारा देखने को मिले। जहां स्विमिंग पूल आदि बच्चों को खूब आकर्षित कर रहे थे। इसके साथ-साथ रेन डांस का सभी बच्चों ने लुत्फ उठाया। पूल पार्टी में बच्चों ने नारियल पानी और जूस इत्यादि का आनंद लिया। इस दौरान प्रियांशु, कृतिका, सारांश, संस्कार, अहाना, श्रेया, आश्वी, धारवी, एकता, कार्तिकेय आदि ने खूब धमाल मचाया। विद्यालय के प्रबंधक अवनीश शुक्ला और प्रधानाचार्या रीता सिंह बच्चों को तपती धूप से बचने और तरह पदार्थों का सेवन करने का सलाह दी।


अंबिका स्कूल में माताओं की होती प्रतियोगिता। अमृत विचार

### लिटिल किंगडम स्कूल में मातृ शक्तियों को किया गया सम्मानित

शुक्लागंज उन्नाव। मदर्स डे को देखते हुये राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताएं पहुंची। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उनकी प्रतियोगिता कराई गई। इसके साथ ही माताओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मां के लिए गुलदस्ता बनाया तो किसी ने मां की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई मां की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया। जिसके बाद विद्यालय में माताओं की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें अंजली बाजपेई फॅनटास्टिक मॉम, आयुषी मिश्रा सुपर एक्टिव मॉम, पूनम गुप्ता ब्यूटीफुल मॉम, नौरीन जहां अट्रैक्टिव मॉम, मानवी शुक्ला एलिगेन्ट मॉम, और प्रिया डेविड यंगगेस्ट मॉम ने पहला स्थान प्राप्त किया। जिस पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रबंधक अजय त्रिवेदी और प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

गंजमुरादाबाद। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत भटपुरवा गांव निवासी सियाराम (50) ने कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसका शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव नीचे उतारकर परिजनों ने मंगलवार को गंगातट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

भीषण गर्मी | परिषदीय विद्यालयों में इस भीषण गर्मी में भी दोपहर 1 बजे हो रही छुट्टी

# 'धूप निकाल रही बच्चों का दम, स्कूल बंद करें'


सिर पर बस्ता रखकर धूप से बचाव करते बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। भीषण गर्मी और कड़ी धूप में एक बजे हो रही परिषदीय विद्यालयों की छुट्टी बच्चों के लिए परेशानी बन चुकी है। धूप इतनी तेज हो रही है कि घर आने में बच्चे झुलस जा रहे हैं। अभिभावक लगातार स्कूलों का समय कम करने की मांग कर रहे हैं लेकिन, अधिकारी शासन के आदेश का हवाला देकर समय बदलने के पक्ष में नहीं है। ऐसे में 40 से 42 डिग्री तापमान में बच्चों का दम निकल रहा है।

मई शुरू होते ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। सुबह 10 बजे से ही तेज धूप में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। अधिक गर्मी व लू को देखते हुए शिक्षक संगठन व अभिभावक परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तित कर सुबह 7 से 11 बजे तक करने की मांग कर रहे हैं। वहीं बच्चों को चिलचिलाती धूप से राहत के लिए अभिभावक भी शासन व सरकार की तरफ उम्मीद लगाए देख रहे हैं।

### बोले अभिभावक


अभिभावक मेराज अली ने कहा कि क्षेत्र में कुछ निजी विद्यालयों का समय साढ़े 12 बजे तक है। वहीं परिषदीय विद्यालयों में छुट्टी 1 बजे हो रही है। इस समय बेहद तेज धूप व लू चलने से अब स्कूल में गर्मी की छुट्टी कर देनी चाहिए।


अभिभावक अमरपाल ने कहा कि दोपहर 1 बजे तक बेहद तेज धूप होने से प्रचंड गर्मी लगने लगती है। तेज गर्म के कारण बच्चे बेहोश होने की स्थिति में आ जाते हैं। सरकार को इस पर ध्यान देते हुए स्कूल का समय साढ़े 11 बजे कर देना चाहिये।

### कड़ी धूप में बच्चे हो रहे परेशान, बढ़ रहा लू लगने का खतरा

कड़ी धूप में चलने वाली तेज गर्म हवा से जनजीवन बेहाल है। ऐसे में बच्चों की परेशानी भी बढ़ गई है। सुबह 11 बजे सूर्य की किरणें सीधे सिर पर पड़ रही हैं। इस दौरान विद्यालय में छुट्टी के बाद घर लौटने वाले बच्चों को लू लगने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, अभिभावकों को उनके बीमार पड़ने की चिंता सताने लगी है।

# चारों युग प्रताप तुम्हारा है प्रसिद्ध जगत उजियारा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। कलिकाल में हनुमान जी ही एक ऐसे देवता हैं जो धरा पर सदेह विद्यमान हैं। उनके स्मरण मात्र से मनुष्य के सारे कष्ट मिट जाते हैं। यह बात गांव अख्तियारपुर के पास स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर पहुंचे मुख्य अतिथि माता भुवनेश्वरी पीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने कही। उन्होंने कहा कि दक्षिणमुखी हनुमान जी की उपासना करने से समस्त रोग और दोष नष्ट हो जाते हैं। तुलसीदास जी ने हनुमान चालीसा में कहा है कि चारों युग प्रताप तुम्हारा, है प्रसिद्ध जगत उजियारा। पनकी हनुमान मंदिर के महन्त बालक दास महाराज भी पहुंचे। मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर संगीतमयी रामचरितमानस पाठ किया गया। मंगलवार को महिला कीर्तन मंडली ने भजन सुनाए। ओम प्रकाश मिश्र, प्रेमचंद्र मिश्र, कैलाश नाथ बाजपेई, विमलेश मिश्र, राजेश शुक्ल, नम्रता, पंकज मिश्र आदि रहे।


मंदिर में हनुमान जी का पूजन करते आचार्य व भक्त। अमृत विचार

## एक नजर

### मकान की छत से गिरकर युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** मकान की छत की रेलिंग पकड़े खड़ा युवक एका-एक नीचे गिर पड़ा,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,घर वाले उसे उठा कर सीएचसी भागे,लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हरपालपुर थाने के करनपुर मतनी निवासी जलीस के तीन बेटों में 35 वर्षीय यार मोहम्मद सबसे छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। मंगलवार की सुबह अपने मकान की छत की रेलिंग के सहारे खड़ा हुआ था,उसी बीच वह एका-एक वहीं से नीचे गिर पड़ा। उसके गिरने की आवाज़ सुन कर घर वाले दौड़ पड़े ।यार मोहम्मद के सिर में गहरी चोंट पहुंचने से बेहोश पड़े यार मोहम्मद को देखते ही उसके घर में शोर मच गया,जिसे सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जा रहा,उसी बीच मौत हो गई। इस खबर को सुनते ही उसके घर वाले चीख-चीख कर चिल्लाने लगे,जिसे सुन कर आस-पड़ोस के दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की,तो उसे बताया गया कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ता,अचानक दौरा आने पर ही वह इस तरह का हादसा हुआ।

### पेट दर्द से परेशान मरीज की झोलाछाप के इलाज से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पेट दर्द से परेशान अधेड़ झोलाछाप के पास दवाई लेने पहुंचा। आरोप है कि उस झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगा दिया,जिससे अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अरवल थाने के शेखपुर नगरिया निवासी 48 वर्षीय राजेश को पेट में दर्द की शिकायत थी। मंगलवार को वह हरपालपुर थाने के खरगपुर में मुन्नू के पास दवाई लेने पहुंचा। आरोप है कि मुन्नू के इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद राजेश की हालत और बिगड़ी, उसी बीच राजेश की मौत हो गई। घरवाले उसका शव गांव उठा लाए और बाद में अरवल पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामला हरपालपुर थाने का है,शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 17 हजार जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। जिले में 17 हजार जवान सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। हर सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सीओ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। हर बूथ पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पैरामिलिट्री फोर्स ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। जिले में लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी हुई है। मतदान में पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री के जवान भी शामिल रहेंगे।

जिले में कुल 2124 मतदान केंद्र है कुल 3328 बूथ है। हर बूथ पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी तरीके से कोई भी व्यक्ति



मतदान को प्रभावित न कर सके इसके लिए हर बूथ पर पैरामिलिट्री के जवान की तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है।

सुबह 5 बजे से पुलिसकर्मी बूथ पर तैनात हो जाएंगे। कुछ बूथो पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसकी निगरानी जिले के कंट्रोल रूम के अलावा लखनऊ से भी की जाएगी। जिले में चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ न कर सकें, इसके लिए तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस लगातार पैदल गश्त कर रही है। देहात क्षेत्र में पुलिस बैठक कर लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आएं और निर्भीक होकर मतदान करें। पैरामिलिट्री फोर्स ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। जिले में लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि व्यवस्था ऐसी होगी कि कोई कानून व्यवस्था हाथ में लेने की कोशिश नहीं करेगा। एक एसपी, 2 एडिशनल एसपी, 8 सीओ के कंधे पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी। संसाधनों से लैस पुलिस सीसीटीवी की मदद लेकर असामाजिक तत्वों को पकड़ने का प्रयास करेगी। जिन 17 हजार जवानों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है उनमें कुछ जिले में तैनात पुलिसकर्मी होंगे जबकि कुछ अन्य जनपदों से चुनाव से ठीक पहले जिले में आएंगे। देहात के क्रिटकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात किया जाएगा। शहरी बूथ पर भी पुलिस पर्याप्त संख्या में नजर आएगी।

### 10 जनपदों से आएगा फोर्स

मतदान से 2 दिन पहले हाथरस, सिद्धार्थनगर, आगरा, महाराजगंज, संतकबीरनगर, फिरोजाबाद, जीआरपी आगरा, जीआरपी झांसी, यूपी एसएसएफ लखनऊ, यूपी एमएसएफ मथुरा से फोर्स आएगा। एएसपी पूर्वी ने बताया कि चुनाव में 727 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 70521 कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल, 5688 होमगार्ड, 2900 अर्धसैनिक बल, 100 सशस्त्र पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य फोर्स भी मौजूद रहेगा।

# जर्जर सड़क मार्ग का होगा निर्माण

हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ पलिया हाईवे एनएचएआई 731 से कछौना चौराहा से गौसगंज मार्ग जर्जर व गड्ढा युक्त हो गया है। राहगीरों का आवागमन दुष्कर हो गया है। हाईवे निर्माण में मिट्टी की उपयोगिता के कारण लगातार ओवरलोड वाहनों के गुजरने से सड़क चंद दिनों में क्षतिग्रस्त हो गई है। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के संयोजक रामखेलावन कनौजिया ने पूरे मामले की शिकायत क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा से की थी, उन्होंने पूरे मामले को शासन में अवगत कराया। शासन से इस मार्ग के जीर्णोद्धार हेतु धनराशि लगभग 91 लाख स्वीकृत हो गई। निर्माण कार्य शुरू हो गया, राहगीरों का आवागमन सुगम हो गया। विधायक के इस कदम की आम जनमानस सराहना कर रहे हैं।

बताते चले कछौना से गौसगंज मार्ग कई दशक से अपेक्षित पड़ा था। इस मार्ग को पूर्व सांसद अंजू बाला ने शासन से प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना के तहत स्वीकृत कराया था, यह मार्ग कछौना ब्लॉक का सबसे बेहतरीन मार्ग बन गया था, परंतु हाईवे निर्माण के चलते ओवरलोड डंपरों के आवागमन से मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सार्वजनिक संपत्ति का हाईवे के निर्माण की आड़ में प्राइवेट ठेकेदारों ने ध्वस्त कर दिया। इस मार्ग से प्रतिदिन पंचम खेड़ा, हरिचन्दापुर, बालामऊ, कलौली, नारायण देव, बाबुराहा, कन्हौआ, मढ़िया, पैरा, बाण, कुरसठ, बघौड़ा, गौसगंज, निर्मलपुर आदि गांवो के ग्रामीणों का आवागमन का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर दर्जनों इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, मुख्य बाजार, अस्पताल स्थित है। यह मार्ग कछौना व गौसगंज की बाजार को जोड़ती है। गड्ढा व जर्जर होने के कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया था। सबसे ज्यादा दिक्कत गंभीर बीमारी से पीड़ित व गर्भवती महिलाओं को होती थी। तारकोल व डामर उखड़ चुका था, जगह-जगह बजरी उखड़ चुकी थी। पूरे मामले की शिकायत क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के संयोजक रामखेलावन कनौजिया ने क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा से की थी। विधायक ने पूरे मामले को शासन में अवगत कराया, शासन से जीर्णोद्धार हेतु लगभग 91 लाख की धनराशि स्वीकृत हो गई, कार्य शुरू हो गया। खस्ताहाल सड़क के जीर्णोद्धार की उम्मीद लोगों में जाग गई।

# पत्नी पर गिरा हाईटेंशन विद्युत तार, पति ने किया बचाने का प्रयास, दोनों की मौत

## खेत पर पति के लिए पानी लेकर पहुंची थी पत्नी, हादसे से परिजनों में कोहराम

हरदोई

**अमृत विचार।** खेत पर काम कर रहे पति के लिए नाश्ता व पानी लेकर पहुंची पत्नी पेड़ के नीचे बैठ गई। इसी दौरान वहां ऊपर से गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर उस पर गिर गया। करंट से झुलसते देख पति उसे बचाने दौड़ा, लेकिन संपर्क में आते ही वह भी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में दंपति की झुलसकर मौत हो गई। इस हादसे की खबर लगते ही जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अरवल थाने के तेरा परसौली निवासी रामभजन (45) अपने खेत पर काम



हादसे के बाद जांच करती अरवल पुलिस व रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कर रहा था, उसकी पत्नी हेमकली (40) उसके लिए पानी लेकर पहुंची। धूप से चलकर पहुंची हेमकली वहीं पेड़ के नीचे बैठ गई, कोई कुछ समझ भी नहीं पाया, उसी बीच ऊपर से निकला हाइटेंशन बिजली का तार टूट कर उसके ऊपर गिर पड़ा। पत्नी हेमकली को करंट से छटपटाता देख पति रामभजन उसे बचाने दौड़ पड़ा। हाइटेंशन करंट की चपेट में आने से उन दोनों की वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां आस-पड़स के खेतों में जुटे लोग दौड़ पड़े। पता होते ही एसएचओ अरवल सोमपाल गंगवार अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह उन दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी। उधर हादसे की खबर सुनते ही रामभजन के घर में मौत का मातम बरपा हो गया। समूचे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।



### भीषण गर्मी में भी शोपीस बने हैं सरकारी हैंडपंप

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हैं। जगह-जगह लगवाए गए सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। सुरसा ब्लॉक में काफी संख्या में सरकारी नल शोपीस बने हुए हैं। यह हाल तब है जब सीडीओ ने गर्मी से पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले के सभी सरकारी हैंडपंप तत्काल दुरुस्त कराए जाएं ताकिक गर्मी में पेयजल की समस्या न हो। लेकिन ब्लाक में तैनात जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्राम प्रधान व सचिवों पर सीडीओ के आदेशों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। ग्राम पंचायत मोना में लगे दर्जनों इंडिया मार्का हैंडपम्प वर्षों से खराब पड़े हैं, जबकि मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपए का धन हड़प कर बंदर बाट किया जाता है। हैंडपंप को रिबोर कराने के लिए सरकार द्वारा 27500 रुपये से लेकर 33000 तक का भुगतान किया जाता है,जिसकी बंदरबांट कर पैसा हजम कर दिया जाता है। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# 154 रैंक लाने वाली इशिता का हुआ सम्मान

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले की रहने वाली इशिता गुप्ता ने यूपीएससी में 154 रैंक लाकर जनपद का मान बढ़ाया है। इशिता 22 वर्ष की उम्र में आईपीएस बन गई है। इशिता की इस कामयाबी पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है वहीं इशिता की इस कामयाबी से जनपद का भी मन बड़ा है। यूपीएससी में 154 रैंक आने पर इशिता के गुरुजनों ने इशिता को बधाई दी।

इशिता ने अपनी इस कामयाबी के पीछे अपने परिजनों व गुरुजनों को बताया है। इशिता ने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर पहुंची है



इशिता के सम्मान समारोह में मौजूद प्रिंसिपल व शिक्षक। अमृत विचार

उसका श्रेय उनके माता-पिता के साथ-साथ सेंट जेवियर्स प्राइमरी और सेंट जेवियर्स हाई स्कूल को जाता है। इशिता ने कहा कि इस स्कूल में पढ़ाने वाले योग्य शिक्षक और शिक्षकों के कुशल निर्देशन में आज उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। इशिता ने सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल के डायरेक्टर राकेश पाल और सेंट जेवियर्स हाई स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी चटर्जी का आभार व्यक्त किया।

### सम्मानित हुए माता-पिता की भर आईं आंखें

मंगलवार को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में इशिता गुप्ता को स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी चटर्जी ने सम्मानित करने का कार्य किया। मौसमी चटर्जी द्वारा इशिता गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया। स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा इशिता गुप्ता की माता डॉ. अंजु गुप्ता और पिता डॉ आरपी गुप्ता को भी सम्मानित किया। इशिता गुप्ता ने सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल से लेकर सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल तक का सफर तय किया है। इशिता गुप्ता नर्सरी से लेकर 12वीं तक सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा रही है।

# 90 साल पार कर चुकी वृद्धा ने जंगल में लगाई फांसी

हरदोई

**अमृत विचार।** 90 साल पार कर चुकी महिला सोमवार पोते से मिलने के लिए घर से निकली, उसके बाद वापस नहीं लौटी। मंगलवार की सुबह उसका शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कछौना कोतवाली के लोन्हारा की रहने वाली भगौता पत्नी जंगू अपनी उम्र के 90 साल पार चुकी थी। सोमवार को भगौता अपने पोते संतोष के पास बालामऊ जाने की बात कहकर घर से निकली थी। उसके बाद देर शाम तक घर न पहुंचने पर उसकी तलाश की जाने लगी, लेकिन कहीं से कोई सुराग नही लगा। मंगलवार की सुबह कुछ ग्रामीण गांव के दक्षिण जंगल की तरफ शौच के लिए पहुंचे,जहां उन्होंने देखा कि बुज़ुर्ग भगौता का शव वहां पेड़ में साड़ी के फंदे से फांसी पर लटक रहा था। बताते हैं कि भगौता के चार बेटे थे, जिनमें से तीन बेटो की पहले ही मौत हो चुकी थी, वह सबसे छोटे बेटे के पास रहती थी। घरवालों का कहना है कि वह कुछ दिनों से बड़ी गुमसुम रहा करती थी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस से नाराज महिला ने सीओ से लगाई गुहार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** दबंगों द्वारा चोरी का इल्जाम लगाकर एक किशोर को मारपीट किए जाने की शिकायत करने के बाद भी पाली पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने से असंतुष्ट पीड़िता ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम दघेला के मजरा राम नगरिया निवासी सरला पत्नी मुरारी ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अजीत 5 मई को दघेला के स्कूल से पढ़कर वापस घर आ रहा था। घर से पहले ही गांव के अवनीश राजपूत पुत्र राम किशन ने अपने साथी राम सेवक,अनुपम और राम निवास के साथ मिलकर उसके पुत्र को रोक लिया और चोरी का झूठा इल्जाम लगाते हुए गाली गलौज किया। मना करने पर लात घूसों से मारा पीटा। शोर सुनकर वह भी पुत्र को बचाने गई तो उसे भी जातिसूचक गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे भी लात घूंसों और डंडे से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। बकौल पीड़िता वह घटना की लिखित सूचना लेकर पाली पुलिस के पास गई थी लेकिन वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं की गई। विपक्षी उसे धमका रहे हैं वह भयभीत है। पीड़िता ने सीओ अनुज मिश्रा को घटना की लिखित सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है। सीओ अनुज मिश्रा ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है पुलिस को जांच के आदेश दिए गए हैं।

### झोपड़ी में चल रहा था असलहों का कारखाना

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस के आगे शातिरों का हर हथकंडा फेल हो रहा है। कोतवाली देहात पुलिस ने तालाब के किनारे झोपड़ी में तमंचे बनाने का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिरों को दबोच लिया। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि दोनों के कब्ज़े से पांच बने और 4 अधबने तमंचों के अलावा 3 कारतूस और 2 खोखे व असलहे बनाने के उपकरण बरामद हुए है। एएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि सोमवार की रात एसएचओ कोतवाली देहात अनिल कुमार सैनी अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे



पुलिस हिरासत में आरोपी।

थे, उसी बीच पता चला कि कुछ लोग हरिपुर ग्रंट के जंगल में तालाब के किनारे झोपड़ी में असलहे बना रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया। दोनों ने अपने नाम वसीम निवासी बढ़ैयनपुरवा कोतवाली देहात और वीरू निवासी ओमपुरी बताया। एएसपी ने बताया कि वसीम के खिलाफ कोतवाली शहर, देहात और साण्डी थानों में 6 केस दर्ज है, जबकि वीरू के खिलाफ कोतवाली देहात, हरपालपुरव बिलग्राम कोतवाली के अलावा कन्नौज ज़िले के छिबरामऊ और सीतापुर ज़िले के मिश्रिख व खैराबाद थानों में अलग-अलग धाराओं के 14 केस दर्ज किए गए है।

### दहेत उत्पीड़न में पति व सास-ससुर पर केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** लाखों रुपयों की शादी करने के बाद भी ससुराली आए दिन पिटाई करते हुए एक लाख रुपये की मांग पूरी करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि मांग पूरी न होते देख ससुरालियों ने बहू का मुंह तकिए से दबाकर मारना भी चाहा। पुलिस ने दी गई तहरीर पर पति के अलावा सास-ससुर और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बिलग्राम कोतवाली के रोशनपुर निवासी वहाज़ की पुत्री गुलशन की शादी शमी आलम उर्फ सोनू पुत्र शहाबुद्दीन निवासी दीवाली कोतवाली बिलग्राम के साथ वर्ष 2023 में हुई थी। गुलशन ने बताया कि उसकी शादी में पांच लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन फिर भी ससुराल वाले धंधे के लिए एक लाख रुपये की मांग करते प्रताड़ित कर रहे थे। इसी साल 30 जनवरी को पति पति शमी आलम उर्फ सोनू, ससुर शमशुद्दीन, सास शबाना और ननद नेहा ने तकिए से उसका मुंह दबा कर हत्या का प्रयास किया। वह किसी तरह वहां से बचकर बाहर भाग गई। रोशनपुर की गुलशन ने सीओ बिलग्राम को दी अपनी तहरीर में कहा था कि वह अपनी बात कहने कोतवाली पहुंची,लेकिन वहां पुलिस ने उसकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। उसके बाद वह सीओ ऑफिस पहुंची। उसके बाद ही पुलिस ने सीओ बिलग्राम के आदेश पर गुलशन की तहरीर पर केस दर्ज कर एसआई एनके तिवारी को जांच सौंपी है।

# पांच दिन से टूटकर सड़क पर पड़ा है विद्युत पोल

हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्रक की टक्कर लगने से पांच दिन से बिजली का पोल सड़क पर टूटा पड़ा है। एक तरफ तो पोल हादसा होने का सबब बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ बरगावां की बत्ती गुल है। इस बारे में ज़िम्मेदारों को जानकारी दी गई है लेकिन जरूरी कार्रवाई नहीं हुई।

बताया गया है कि पांच दिन पहले की बात है पिहानी रोड पर टड़ियावां ब्लाक के गांव बरगावां में एक तेज़



हादसे को दावत देता सड़क किनारे पड़ा विद्युत पोल। अमृत विचार

रफ्तार ट्रक ने बिजली के पोल में टक्कर मारते हुए उसे गिरा दिया था। इस बारे में सब स्टेशन को पहले ही सूचना दे दी गई थी,लेकिन कुछ नहीं हुआ। पोल बीच सड़क पर पड़ा होने से हादसे का सबब बना हुआ था, कोई हादसा न हो, गांव वालों ने ऐसा सोंचकर पोल को सड़क से खींच कर किनारे कर दिया। ऐसी तपती गर्मी में बिजली के न आने से लोग परेशान हैं। उनकी रातें खुली आंखों में गुज़र रहीं है। साथ ही साथ रोज़गार पर भी असर पड़ रहा है। काम-धंधा सब चौपट होता जा रहा है। बत्ती गुल रहने से बरगावां के लोग इस बात को ले कर डरे हुए है कि चोर अंधेरे में कोई हरकत कर सकते है। इसी वजह से वहां के लोग मजबूरी में रात-रात भर जाग रहे है।

## प्रतियोगिता

### हरदोई हेरिटेज कप का 9वां मैच अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी बनाम सीसीए पुवायां के मध्य खेला गया

# रंजीत ने सीसीए पुवायां को दिलाई जीत

हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को हरदोई हेरिटेज कप का 9वां मैच अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी बनाम सीसीए पुवायां के मध्य खेला गया। मैच में टॉस अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी के कप्तान भुलेश्वर ने जीता तथा पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए पुवायां ने 31.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीसीए पुवायां की तरफ से रंजीत 34 रन, अंकित 22 रन, विमल सिंह ने 21 रनो का योगदान किया।

अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की



बैटिंग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

तरफ से चन्दन मलिक 3 विकेट, हर्षित शुक्ला, सचिन यादव, अतुल द्विवेदी ने 2-2 विकेट लिए तथा मो. आकिब ने एक विकेट लिया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की टीम 22.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से सचिन यादव 25 रन, कृष्ण कुमार सिंह ने 18 रनों का योगदान किया। सीसीए पुवायां की तरफ से रंजीत ने 4 विकेट, शिवांश मिश्रा ने 3 विकेट, मनजीत सिंह 2 विकेट, अनय चौहान ने 1 विकेट लिया। इस प्रकार इस मैच में सी सी ए पुवाया ने 49 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शैलेश सिंह के द्वारा सीसीए पुवाया के रंजीत को मिला। बुधवार को इस प्रतियोगिता का दसवा मैच बुधवार सुबह 8 बजे से खेला जाएगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। मैच के दौरान अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, हर्ष अग्रवाल,राधा कृष्ण गुप्ता व राणा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### युवा क्रिकेट टूर्नामेंट क्लब की हुई शुरुआत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम ऊंची मघरौली में समाजसेवी राजवर्धन सिंह 'राजू' ने युवा क्रिकेट टूर्नामेंट क्लब का उद्घाटन किया। हरदोई जैसे जनपद में खेलों को अभी और विकसित किए जाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं होती है, जरूरी संसाधन न मिल पाने से वह समय पर विकसित नहीं हो पातीं हैं। यह बातें मिशन आत्मसंतुष्टि के संरक्षक राजवर्धन सिंह राजू ने कही। वह मंगलवार को मल्लावां के ग्राम ऊंची मघरौली में टूर्नामेंट का शुभारंभ कर रहे थे। कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजकों ने खेलों एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। इस मौके पर आयोजक सचिन सरकार, रवि वर्मा, अपूर्व, रोहित व साथ में नेत्रपाल प्रधान व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संडीला का होना चाहिए विकास

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** मिश्रिख लोकसभा से सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जनता का भी ध्यान रखे। वैसे तो लोगों की राय है कि पिछले सांसद ने विकास के कार्य करवाए मगर इस बार प्रत्याशी के अलावा लोग मोदी के नाम पर वोट देने की बात कह रहे हैं। सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी एवं बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार जनता से काफी दूर हैं। लोग इन दोनों प्रत्याशियों को जानते तक नहीं है।

आम जनता का कहना है कि केवल सांसद अशोक रावत के अलावा कौन-कौन चुनाव लड़ रहा है इसकी जानकारी आम जनता को नहीं है। सांसद अशोक रावत ने ओवर ब्रिज की सौगात



मेहताब अहमद



अंगूरी शंकर सिन्हा।

जनता को दी है।

संडीला निवासी मेवालाल कश्यप ने बताया कि संडीला की विधायक अलका अर्कवंशी ने भी विकास कार्य कराए है उनकी वजह से हम लोग भाजपा को ही वोट देंगे । संडीला निवासी रामरतन, रामकुमार झंझट ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत ने भी संडीला के लिए विकास कार्य कराए । सपा में आपस में ही खींचतान मची हुई है सपा के कार्यकर्ता ही वोट के लिए नहीं निकल रहे है अब देखना यह है कि आज पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आने से जनता पर क्या प्रभाव पड़ता है।

भाजपा नेता एवं अंगूरी शंकर सिन्हा सेवा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिन्हा ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत की जीत सुनिश्चित है। अब देखना यह कितने अंतर से जीत होगी ।उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने सभी का विकास किया है लोग मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं । कांग्रेस नेता महताब अहमद ने बताया कि इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे है इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता केवल स्वयं लोगों से मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं।

# शस्त्र व शास्त्र की भूमिका का बेहतरीन समन्वय है नैमिषारण्य : सीएम

## अयोध्या की तर्ज पर नैमिषारण्य में जल्द शुरू होगी वायुसेवा और फोरलेन कनेक्टिविटी, युवाओं और व्यापारियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** नैमिषारण्य भारत की सनातन आस्था का प्रतीक व वैदिक धरोहर प्रदान करने वाली मां ललिता की पावन भूमि है जहां महर्षि दधीचि ने देवताओं को विजय के लिए अपनी अस्थियां दान में दे दी थी। जब-जब कोई रामद्रोही या सनातन द्रोही अपनी कुत्सित मानसिकता का प्रदर्शन करता है तब-तब नैमिष शास्त्रीय प्रमाण देकर उस नीच मानसिकता का अकाट्य जवाब देता है। आज नैमिषारण्य की वजह से ही देश सीतापुर व उत्तर प्रदेश की तरफ देख रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिश्रिख और सेउता में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

भाजपा के मिश्रिख लोकसभा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी अशोक रावत व सीतापुर सदर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिश्रिख और सेउता विधानसभाओं में चुनावी जनसभाएं की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, सांसद राजेश वर्मा, सांसद अशोक रावत, एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया। जनसभाओं में सीएम योगी ने दोनों भाजपा प्रत्याशियों को जीताने की अपील की। सीएम योगी सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि जब भी कोई रामद्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास करता है तब-तब नैमिष अपने शास्त्रीय व शस्त्र का अकाट्य प्रमाण लेकर सामने आता है, यह साहस नैमिष की भूमि में है। मंच पर मौजूद संतजनों का अभिवादन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन देश की समस्या है, एक बीमारी है। इस बीमारी को जितनी जल्दी दूर कर देंगे, उतनी जल्दी भारत, विकसित भारत बन जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि नैमिषारण्य की पावन धरा से आज यह संदेश पूरे देश में जा रहा है कि सनातन संस्कृति का उत्थान एवं आस्था का सम्मान करने वाली भाजपा सरकार ही चाहिए। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी को लेकर करारा प्रहार करते हुए कहा कि ये राम भक्तों पर गोलियां चलाते हैं और आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेकर आरती उतारते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वोट की ताकत दिखा दीजिए और इनको इनकी औकात में ला दीजिए। उन्होंने कहा कि यह साहस केवल नैमिषारण्य की धरती दे सकती है। सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष का विनाश करीब है इसलिए उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। सीएम ने कहा कि विपक्ष राम और कृष्ण को नकार रहा है जबकि इसके अकाट्य साक्ष्य मौजूद हैं।

▸▸ रामगोपाल यादव के बयान पर निशाना साधते हुए बोले योगी आदित्यनाथ 'विनाश काले विपरीत बुद्धि'

### सीएम के निशाने पर रही समाजवादी पार्टी

सेउता में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार में राम भक्तों पर गोली चलवाई गई थी और आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए गए थे। ऐसे लोगों को नकारकर भारतीय जनता पार्टी को जनता ने जब से चुना है, तब से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद का सफाया हो रहा है। सीएम योगी ने बताया कि केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत विरोधी सभी प्रावधानों का समापन किया है जिसमें धारा 370 प्रमुख है। उन्होंने जनता से अपील करी की आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक रावत और राजेश वर्मा को बड़ी बहुमत से विजय बनाएं जिससे भाजपा के 400 पार होने का लक्ष्य पूरा हो सके और सनातन सम्मान व राष्ट्रउत्थान के जिस लक्ष्य को लेकर भाजपा कार्य कर रही है वह पूर्ण हो सके।



मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट करते मिश्रिख सांसद अशोक रावत, साथ में मौजूद जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व एमएलसी पवन सिंह चौहान। अमृत विचार





सीएम को प्रतीक चिन्ह भेट करते सांसद राजेश वर्मा व जिला प्रभारी नीरज सिंह और जनसभा में उमड़ी जनता व मोबाइल में सीएम की एक झलक को कैद करते युवा। अमृत विचार

### विपक्ष की बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सनातन धर्म को गाली देना फैशन बन गया है। भारत की सनातन संस्कृति को गाली देने की, भारत की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने की, प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की अस्तित्व को चुनौती देने की। सीएम ने कहा इन विरोधियों के लिए तो मैं केवल यही कहूंगा की विनाश काले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि विपरीत होती है तो प्रभु सत्ता को चुनौती देता है। सनातन धर्म को गाली देता है, और आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ करता है। उन्होंने कहा कि इन्हें नहीं मालूम यह हिंदुस्तान हैं। यहां की ऋषि परम्परा केवल यज्ञ हवन तक ही अपने आपको सीमित नही करती थी। सीएम योगी ने कहा कि अपना व्यक्तिगत आध्यात्मिक साधना तक की सीमित नही रहती थी। शांति काल रहा है तो शास्त्र का चिंतन करता रहा है और विपत्ति काल रहा है तो शस्त्र का संधान भी करता रहा है।

### नैमिषारण्य के ऋषियों की अस्थियों से बने शस्त्र

जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र और शस्त्र की भूमिका बेहतरीन समन्वय है हमारा नैमिषारण्य। नैमिषारण्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीएम ने कहा कि नैमिषारण्य के ऋषियों की अस्थियों ने भी देवताओं के लिए शस्त्र बनाने का काम किया था। तो यह सनातन विरोधी, यह प्रभु राम प्रभु श्री कृष्ण के सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। आप अपनी हार को सुनिश्चित देखकर के यह फिर से राम के अस्तित्व को चुनौती देने लग गए हैं।

### नैमिष में होंगे रोजगार के अवसर

जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने विकास और रोजगार के मुद्दे पर बात करते हुए कि जैसे आज अयोध्या धाम का विकास हो रहा है उसी तर्ज पर नैमिषारण्य का भी विकास शुरू हो चुका है, और यह विकास बहुत जल्द बड़े रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगा। डबल इंजन की सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किये है वो सिर्फ शुरुआत है। हमारी सरकार नैमिषारण्य में अभी वायुसेवा, फोरलेन कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही यात्री विश्रामालय बनने वाले है। जैसे अयोध्या में सड़कों से लेकर विकास हुआ है उसी तर्ज पर मां ललिता के धाम का भी फर से उद्धार होने जा रहा है। सीएम ने कहा कि जिस दिन ये सभी कार्य पूर्ण रूप से धरातल पर आ जायेंगे उस दिन नैमिष और सीतापुर के हजारों युवाओं और व्यापारियों को एक नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य वही कर सकते है जो प्रभु की सत्ता पर विश्वास रखता होगा। वो नहीं कर सकते जो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हो। जनता से सवाल पूछते हुए सीएम ने पूछा कि क्या आप इसको स्वीकार करेंगे क्या प्रभु राम के अस्तित्व को चुनौती देने वालों को स्वीकार करेगा क्या भारत?

## एक नजर

### आज प्रशिक्षण लें गैरहाजिर मतदान कार्मिक

**सीतापुर।** जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 672 पार्टियों को प्रशिक्षण मंगलवार को जीडी गोयनका पब्लिक खैराबाद में दिया गया। इस प्रशिक्षण में 17 पीठासीन अधिकारी, 13 मतदान अधिकारी, प्रथम, 15 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 22 मतदान अधिकारी, तृतीय अनुपस्थित रहे। वहीं 03 पीठासीन अधिकारी, 05 मतदान अधिकारी, प्रथम, 03 मतदान अधिकारी, द्वितीय एवं 16 मतदान अधिकारी, तृतीय कुल 27 कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। संबंधित कार्मिक को कार्यालयाध्यक्ष 08 मई बुधवार को प्रथम पाली में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दें, अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

### मंजू बंसवार बनीं प्रदेश सचिव

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर की रहने वाली मंजू बंसवार को समाजवादी पार्टी महिला सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने पत्र जारी कर दी। महमूदाबाद नगर के तमाम सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंजू बंसवार पत्नी बीरेंद्र बंसवार की सफलता पर सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### दिनदहाड़े पकड़ा गया चोर

**सेउता।** मंगलवार को थाना रेउसा इलाके में दिनदहाड़े चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। कस्बा मारूबेहड़ चौराहे पर कस्बा निवासी सलीम एक लोहे की दुकान के व्यापारी हैं। बताया जाता है कि सलीम टॉयलेट गये थे। इसी बीच थानगांव के सुकेठा निवासी रमेश पुत्र प्रसादी गौतम दुकान में घुसकर गल्ले में रखे 3000 रुपये साफ कर दिए। जिसे रंगे हाथ पकड़ लिया गया। मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों के कहने पर चोर को छोड़ दिया गया।

# मकान की छत गिरने से नीचे सो रहे दंपत्ति समेत पांच बच्चे घायल

**पहला/सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में एक मकान की छत अचानक गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के दौरान कमरे में सो रहे दंपत्ति समेत पांच बच्चे घायल हो गये। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से मलबे को हटाकर घायलो को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने पति-पत्नी और एक बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक हादसे की वजह छत में सरिया का प्रयोग न होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी रामदुलारे का बेटा मुकेश अपनी पत्नी शीलू और तीन बच्चो के साथ घर के अंदर कमरें में सो रहा था। बताया जाता है कि सोमवार देर रात करीब 2 बजे अचानक कमरें की छत भरभराकर गिर गई। छत गिरने के दौरान कमरे में सो रहे लोगो की चीख सुनकर बाहर सो रहे लोग अंदर दौड़े और ग्रामीणों की मदद से मलबे को हटाकर घायलो को बाहर निकाला। सभी पांचों घायलो को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मुकेश और उसकी पत्नी शीलू सहित बच्चे आयांश की हालात गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। घायल मुकेश के पिता रामदुलारे ने बताया कि मकान की छत वर्ष 2008 में पड़ी थी लेकिन सरिया का प्रयोग न होने की वजह से अचानक छत गिरने से हादसा हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



हादसे के बाद घर के बाहर मौजूद महिलाएं और ग्रामीण। अमृत विचार

# महिला बंदियों को दी लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल की जानकारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय द्वितीय के निर्देशानुसार मंगलवार को नरेन्द्रनाथ त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और भागीरथ वर्मा, अपर जिला जज, स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14 ने जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। जिसमें सबसे पहले जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बन्दियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध है।

दोष सिद्ध महिला बन्दियों ने बताया कि जिला कारागार द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील कराई जा चुकी है। न्यायधीशों ने सभी महिला बन्दियों को निःशुल्क लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल की जानकारी दी गई। जिला कारागार सीतापुर में स्थित लीगल एंड क्लीनिक की भी व्यवस्थाएं देखी गईं। विधिक सहायता के लिए तैयार किये सभी रजिस्ट्रों व लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ताओं के रजिस्टर की भी जांच की गयी। इस दौरान जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी जेलर विजयलक्ष्मी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल पीएलवी को निर्देश दिये कि वह सभी बन्दियों को प्रतिदिन निःशुल्क विधिक जानकारी प्रदान करते रहें।

जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला कारागार में कौशल विकास योजना के अन्तर्गत बन्दियों द्वारा गाय के गोबर से धूपबत्ती, दरी बुनाई का कार्य तथा मिट्टी से अनेको प्रकार बर्तन इत्यादि तैयार किये जा रहे हैं।

# विधायक ने वेदांता पैथ लैब का किया उद्घाटन



लैब का फीता काटकर उदघाटन करतीं विधायक आशा मौर्या। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** नगर के सिधौली मार्ग स्थित मोहल्ला पैगम्बरपुर के राजा रोड पर वेदान्ता पैथ लैब के शुभारम्भ के मौके पर स्थानीय विधायक आशा मौर्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर वेदान्ता पैथ लैब के प्रोप्राइटर अनुराग वर्मा ने बताया कि इस लैब में मरीजों की सभी प्रकार की खून की जांचे व अन्य जांचे आदि की जाएंगी। उदघाटन के मौके पर स्थानीय नागरिक, समाजसेवी व पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जल्द ही बनेगा सीतापुर का रेलवे प्लेटफार्म



जन सम्मेलन कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा।

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता संजीव गुप्ता टिंचू ने शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में एक सांसद राजेश वर्मा के समर्थन में एक जन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद और भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा का 51 किलो की माला पहनकर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विश्ववीर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी, समाजसेवी नामिंद्र अवस्थी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी का माला पहनकर तथा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं सिख समुदाय ने भी स्वागत किया। जन सम्मेलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि विशाल चुनावी जनसभा संजीव गुप्ता के द्वारा जो आयोजित की गई है इससे प्रतीत होता है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से भी मेरी जीत काफी मतों से होगी। उन्होंने कहा कि सीतापुर में पाइप लाइन से गैस की सप्लाई की जाएगी, जिसके लिए चुनाव के बाद टेंडर हो जाएगा और कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जिले में जल्द ही सीतापुर का रेलवे प्लेटफार्म एक अद्भुत तरीके से बनेगा और फ्लाई ओवर की भी सौगात दी जाएगी। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिला चिकित्सालय अब नए स्थल सिविल लाइन में भव्य तरीके से बनने जा रहा है। जहां पर मरीज के लिए अधिकतम बेड एवं चिकित्सकों की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान रंजीत रस्तोगी ने बीजेपी के सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में आशीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, आनंद गुप्ता, रिजवान, के सी श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, अमरदीप सिंह, राकेश शुक्ला, शोभित सिंह, समीम गाजी, आशु सिंह, मुकुल मोहन, वेदव्यास, वेदी मन्नू सिंह, आलोक वर्मा, छोटू वर्मा, गोविंद सहाय गुप्ता, राजन गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, संजय मिश्रा, अनूप बाजपेई, धीरज पांडे, राकेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, डॉ खन्ना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन की होगी बहाली: आनंद



जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया। अमृत विचार

**महोली।** समूचे धौरहरा क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। किसान सिंचाई के अभाव में मुश्किल दौर से गुजर रहा है। यहां पर जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात के समुचित साधन जैसी मूलभूत सुविधाएं इस इलाके के बाशिंदों के लिए आज भी दूर की कौड़ी बनी हुई हैं। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। विधानसभा क्षेत्र के इमलिया सुल्तानपुर कस्बा सहित सोइई, रोजहा, केशवपुर, उमरसा, बीबीपुर, निर्वाहनपुर, बरातपुर, लक्ष्मिनपुर आदि गांवों में जन संपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी दी जाएगी। इसके साथ ही सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन की बहाली होगी। उन्होंने साफ किया कि अग्निवीर नीति केंद्र सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। इसे समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इस दौरान सपा के महोली विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, प्रदीप तिवारी, मनोज यादव, छोटे सिंह, सुनील भार्गव, महेश अर्कवंशी, सोनू सिंह, सतीश त्रिवेदी, लखन सिंह, पारुर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पीने के पानी की टंकी से सींचे जा रहे खेत

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सोहरिया गांव में ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से अभी तक ग्रामीणों को पीने को पानी नहीं मिला है और खेतों की लगातार सिंचाई कराई जा रही है। वहीं पानी टंकी में कार्य कर रहे लोगों ने उदित कुमार यादव का नंबर देते हुए बताया कि इस मामले में इनसे बात कर लो। हम लोग लेबर हैं पानी टंकी में अधूरे पड़े कार्य को कर रहे हैं। जब उदित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद मौके पर पहुंच कर देख रहा हूं। इस पूरे मामले को लेकर जब जल निगम के जेई सौरभ सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।



जल निगम की टंकी से पाइप लगाकर खेतों को भेजा जा रहा पानी। अमृत विचार

# नाले को फांदकर बाउंड्री से टकराई कार, एक घायल

**लहरपुर, अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में केसरीगंज तहसील मार्ग पर केशरीगंज की तरफ से आ रही एक कार सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के लिए अनियंत्रित हो गई और क्षेत्राधिकारी एवं फायर बिग्रेड कार्यालय के सामने बने नाले को फांदकर बाउंड्री से जा टकराई। जिससे कार्यालय के अंदर प्रांगण में सफाई कर रहे ग्राम गिरगिटपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र बदलू 40 वर्ष बाउंड्री की ईंट लगने से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

**अनदेखी** ग्राम रोजगार सेवक ने बीडीओ से की शिकायत

# मस्टर रोल पर साइन न करने से लटका मजदूरों का भुगतान

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम रोजगार सेवक ने तकनीकी सहायक द्वारा मास्टर रोल पर साइन न करने से मजदूरों का भुगतान न होने की शिकायत बीडीओ से किया।

ग्राम पंचायत रन्नी में मनरेगा योजना अंतर्गत अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। मजदूरों की उपस्थिति की पुष्टि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक द्वारा किया जाता हैं तत्पश्चात एपीओ द्वारा फाइल फीड कराकर मजदूरों का भुगतान किया जाता है। ग्राम रोजगार सेवक संतोष कुमार ने बीडीओ को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि तकनीकी सहायक अंग्रेज द्वारा मास्टर रोल पर साइन न करने के कारण मजदूरों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जबकि मस्टर रोल पर ग्राम प्रधान वंदना सिंह, ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार गुप्ता तथा रोजगार सेवक संतोष कुमार के हस्ताक्षर बनाए गए हैं।

प्रधान पति राकेश सिंह ने बताया कि टीए अंग्रेज सिंह द्वारा 50 पर्सेंट कमीशन मांगा जा रहा है। जिसे न देने के कारण मास्टर रोल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। वहीं तकनीकी सहायक अंग्रेज ने बताया कि ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक द्वारा अमृत सरोवर में कार्य मनरेगा मजदूरों से न कराकर ट्रैक्टर से जोतवा दिया गया है। प्रधान पति राकेश कुमार व रोजगार सेवक संतोष कुमार द्वारा मस्टर रोल पर हस्ताक्षर बनवाने का दबाव बनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार गुप्ता से बात की गई तो बताया कि बात करके बताएंगे।



कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

### कोई भी कार्य नहीं कराया गया है : बीडीओ

खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी जिसकी जांच किया है, मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। फर्जी भुगतान कराया जा रहा है, भुगतान निरस्त कर दिया गया है।

# ई-रिक्शा ने बाइक में मारी टक्कर, दोनों चालक घायल

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव निवासी सरबजीत हरगांव विकास खण्ड मे सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। मंगलवार को वह ड्यूटी करके अपने घर वापस जा रहा था। लहरपुर-हरगांव मार्ग पर माहिमपुर गांव के पास सरबजीत की मोटरसाइकिल में तेज रफ्तार अनियंत्रित ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सफाईकर्मी सरबजीत व ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेन्स से सीएचसी हरगांव में भर्ती कराया गया। परिजनों के सूचना देने पर भी 112 डायल पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। डॉक्टरों ने सरबजीत की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर ओयल खीरी रेफर कर दिया।

